संख्या-20/2021/—/71-4-2021-जी-137/2018 टी0 सी0-3

प्रेषक

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

कुलसचिव,
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 लखनऊ

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक 13/04/2021

विषयः- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के संचालन हेतु आवश्यक पदों का सृजन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-31/पद-सृजन/2020 दिनांक 08.01.2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के संचालन हेतु कुल 23 पदों को निम्नलिखित विवरणानुसार अस्थायी रूप से दिनांक 28-02-2022 तक के लिए बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति कतिपय शर्तों के अधीन प्रदान करती हैं:-

क्र0सं0	कार्यालय का नाम	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनामन
01	कुलपति	निजी सचिव	01	रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू0 4200/-
02	रजिस्ट्रार	कम्प्यूटर ऑपरेटर	02 (आउटसोर्सिंग के आधार पर)	
03	वित्त अधिकारी	आशुलिपिक	01	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/-
		लेखाकार	01	रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू0 4200/-
		सहायक लेखाकार	02	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/-
		कनिष्ठ सहायक	02	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू 2000/-
04	उपनिदेशक (स्थापना)	कम्प्यूटर ऑपरेटर	01 (आउटसोर्सिंग के आधार पर)	

05	परीक्षा अनुभाग	कनिष्ठ सहायक	03	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2000/-
		कम्प्यूटर ऑपेरटर	03 (आउटसोर्सिंग के आधार पर)	
06	सम्बद्धता	वरिष्ठ सहायक	01	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/-
		कम्प्यूटर ऑपेरटर	02 (आउटसोर्सिंग के आधार पर)	
07	आई0 टी0 प्रकोष्ठ	प्रोग्रामर	01	रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू0 4600/-
		डाटा इन्ट्री ऑपरेटर	01	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2400/-
08	अधिष्ठान शैक्षिक अनुभाग	स्टैटिस्टिकल असिस्टेन्ट	01	रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/-
		कनिष्ठ सहायक/ कम्प्यूटर ऑपरेटर	01 (आउटसोर्सिंग के आधार पर)	

(1) विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित पद मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप हैं।

(2) सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से सेवाओं के आउटसोर्स के आधार पर सृजित होने वाले पदों की सेवाएँ आउटसोर्स आफ सर्विसेज के आधार पर ली जायेंगी। सेवा प्रदाता एजेन्सी का चयन पारदर्शी रीति से सुसंगत नियमों के अनुसार किया जाएगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 विश्वविद्यालय की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई-3/85 /दस-2021, दिनांक 07 मार्च, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

Digitally signed by आलोक कुमार
Date:Tue Apr 13 18:28:29 IST 2021
Reason: Approved

(आलोक कुमार)

प्रमुख सचिव

संख्या:- 20 /2021/ —/(1)/71-4-2021 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।

2- वित्त नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

3-कोषाधिकारी, लखनऊ।

4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार सिंह)

संयुक्त सचिव